भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या:1211
उत्तर देने की तारीख:19.09.2020

अंतर्राष्ट्रीय छात्र आकलन कार्यक्रम

†1211. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत ने अंतर्राष्ट्रीय छात्र आकलन कार्यक्रम (पी॰आई॰एस॰ए॰), 2021 में भाग लेने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने इसके लिए कोई क्षेत्र परीक्षण कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) देश के उन विद्यालयों का ब्यौरा क्या है जो पी॰आई॰एस॰ए॰, 2021 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे;
(घ) क्या सरकार ने पी॰आई॰एस॰ए॰ जैसे कार्यक्रम के लिए परीक्षण कराया है जो गणित, विज्ञान और पठन में विद्यालय के छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार ने पी॰आई॰एस॰ए॰ की सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया को समझने के लिए एक दल को पेरिस भी भेजा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख) भारत सरकार ने आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) द्वारा आयोजित किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीआईएसए) 2021 में भाग लेने का निर्णय लिया है। कोविड -19 महामारी के कारण, ओईसीडी द्वारा पीसा मुख्य सर्वेक्षण (एमएस) एक वर्ष तक 2022 तक स्थगित किया गया है जिसमें 2021 में एक फील्ड ट्रायल (एफटी) किया जाना है।

(ग) चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र में स्थित स्कूलों के साथ ही केंद्रीय विद्यालय (केवी) और नवोदय विद्यालय (एनवी) स्कूल प्रणाली पीसा, 2022 कार्यक्रम में भाग लेंगे।

(घ) भारत ने अपनी स्वयं की छात्र मूल्यांकन प्रणाली विकसित की है जिसे राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) कहा जाता है, जो एनसीईआरटी द्वारा देश भर में स्वतंत्र रूप से आयोजित किया जाता है। एनएएस 2017 का आयोजन 13 नवंबर, 2017 को किया गया था, जिसके माध्यम से सभी 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 701 जिलों के 1.10 लाख स्कूलों के कक्षा III, V और VIII के लगभग 22 लाख छात्रों के अधिगम स्तरों का मूल्यांकन किया गया था। यह योग्यता आधारित मूल्यांकन, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा कक्षा I से VIII तक सभी विषयों के लिए विकसित किए गए अधिगम परिणामों पर आधारित था। कक्षा III और V के छात्रों का मूल्यांकन पठन बोध, गणित और पर्यावरण अध्ययन पर किया जाता है और कक्षा VIII के छात्रों का मूल्यांकन भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान पर किया जाता है।

इसी प्रकार, 05 फरवरी, 2018 को पूरे देश में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में कक्षा X के छात्रों के लिए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण भी आयोजित किया गया। अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और आधुनिक भारतीय भाषा (एमआईएल) के 5 विषय क्षेत्रों में 34 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 610 जिलों में 44,304 स्कूलों में 1.5 मिलियन छात्रों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन किया गया।

(ड.) 8-9 अक्तूबर, 2018 के दौरान आयोजित पीसा पर एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक शिष्टमंडल ने ओईसीडी, पेरिस का दौरा किया, जिसमें समग्र पीसा डिजाइन,एक क्षमता निर्माण प्रक्रिया के रूप में स्कूलों के लिए पीसा, परीक्षण मदों और विभिन्न प्रश्नावली आदि के प्रासंगिकीकरण पर चर्चा शामिल थीं।

******